जगदीश ताखर के निर्देशन में IAS/RAS की तैयारी हेतु तेजी से उभरता हुआ अग्रणी संस्थान

गीतांजलि एकेडमी

प्रशासनिक नीतिशास्त्र

RAS Mains 2016

RAS 2013

Head Office

55, श्री गोपाल नगर, महेश नगर थाने के सामने, गोपालपुरा बाईपास

9001789123, 9529142685

नीतिशास्त्र (Ethics)

" 'Ethics' ग्रीक शब्द **'Ethica'** से व्युत्पन्न है, जिसका अर्थ है रीति–रिवाज, प्रचलन या आदत। इसे **नीति–विज्ञान** (Science of Morality) भी कहा जाता है"। नीतिशास्त्र या आचारशास्त्र के लिये **'मोरल फिलोसफी'** (Moral Philosophy) शब्द का भी प्रयोग होता है। मोरेल शब्द लैटिन भाषा के 'Mores' शब्द से उत्पन्न हुआ है। इसका भी अर्थ है : रीति–रिवाज, प्रचलन, आदत या अभ्यास। इस तरह नीतिशास्त्र का शाब्दिक अर्थ है : **मनुष्य के रीति–रिवाजों, आदतों या अभ्यासों का विज्ञान**।

वस्तुतः नीतिशास्त्र वह विज्ञान है, जिसमें मानव–आचरण के **आदर्श** की मीमांसा होती है, जिससे मनुष्य का कर्त्तव्याकर्त्तव्य और उसके कर्मों के औचित्य–अनौचित्य का ठीक–ठाक निर्णय किया जा सके। चूँकि आचरण का आधार **चरित्र** है। इसलिये इसे चरित्र–विज्ञान भी कहा जा सकता है।

नीतिशास्त्र का सम्बन्ध मनुष्य के केवल **ऐच्छिक क्रिया या आचरण** से है। रीति–रिवाज, प्रचलन या आदत मनुष्य के वैसे कर्म है, जिसका उसे अभ्यास हो गया है। ये सब मनुष्य के अभ्यास जन्य आचरण हैं। मनुष्य की इन ऐच्छिक क्रियाओं को ही **आचरण** (Conduct) कहा जाता है। इन्हें किन्हीं संकल्प या इच्छा से किया जाता है। मनुष्य की सभी क्रियाएँ ऐच्छिक नहीं होती जैसे : **छींकना, साँस लेना** आदि। इन क्रियाओं से **नीतिशास्त्र का सम्बन्ध नहीं** है।

"नीतिशास्त्र एक नियामक विज्ञान (Normative Science), या आदर्श–मूलक विज्ञान है"। इस कथन से निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हैं :

1. नीतिशास्त्र एक विज्ञान है।
2. एक आदर्श–मूलक विज्ञान है।
3. यह केवल मनुष्य के आचरण पर विचार करता है। **आचरण ऐच्छिक क्रियाओं से सम्बन्धित** होती है। आदत से विवश होकर किये गये कर्मों को भी **ऐच्छिक** ही माना जाता है।
4. यह केवल समाज में रहने वाले मनुष्यों के आचरण पर निर्णय देता है।
5. मानव आचरण के औचित्य एवं अनौचित्य, शुभता–अशुभता का निर्धारण होता है अर्थात् कौन कर्म उचित है, कौन कर्म अनुचित है।
6. हमारा आचरण कैसा होना चाहिये – इससे नीतिशास्त्र सम्बन्धित है।
7. **नीतिशास्त्र का मुख्य विषय** नैतिक मानदण्ड, (Moral Standard), नैतिक सिद्धान्त, आचरण के नियम या जीवन के वास्तविक आदर्श की पहचान एवं उसकी स्थापना करना है।

सुकरात के अनुसार सद्गुण
(Socrates's View of Virtue)

प्रश्न : सद्गुण का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

'Virtue' शब्द लैटिन के विर (Vir) से उद्भूत हुआ है – पुरूषत्व या वीरता। साहस, विवेक, संयम, न्याय, अहिंसा, मैत्री आदि सद्गुण माने जाते हैं। सद्गुण आत्मा के नैतिक विकास का सूचक है। यह चरित्र की श्रेष्ठता एवं उत्कृष्टता का सूचक है।

प्रश्न : सद्गुण का स्वरूप क्या है ?

सुकरात के अनुसार सद्गुण ज्ञानरूप, वस्तुनिष्ठ, सार्वभौम, अविभाज्य व एक है। बौद्धिक सुख–प्राप्ति इसके आचरण से ही सम्भव है।

प्रश्न : ज्ञान व सद्गुण में क्या सम्बन्ध है ?

सुकरात के अनुसार ज्ञान व सद्गुण में **अनिवार्य व अभेद सम्बन्ध** है। सद्गुण ज्ञान का परिणाम है। ज्ञान से ही समस्त सद्गुणों का उद्भव होता है। ज्ञान सद्गुणी बनने की अनिवार्य एवं पर्याप्त शर्त है।

प्रश्न : सद्गुण शिक्षणीय है।

सुकरात के अनुसार सद्गुण ज्ञानरूप है और ज्ञान शिक्षणीय है। इसलिये सद्गुणों की शिक्षा दी जा सकती है।

प्रश्न : सद्गुण की एकता क्या है ?

सुकरात के अनुसार सद्गुण ज्ञान रूप है। ज्ञान एक है। अतः सद्गुणों में भी एकता है। **करूणा, संयम, साहस, न्याय** आदि सभी सद्गुण ज्ञान के विभिन्न **प्रकार** या **नाम** है।

प्रश्न : मूल सद्गुण क्या है ?

मूल सद्गुण सुख है, जो बौद्धिक व सामान्य है।

प्रश्न : सुकरात के अनुसार नैतिकता का मानदण्ड क्या है ?

सुकरात सामान्य सुख को नैतिकता का मानदण्ड मानते हैं। यह आत्मगत् नही वरन सर्वगत सुख है।

प्रश्न : व्यक्ति स्वेच्छा से बुरा नहीं होता, आशय बताइये।

मनुष्य स्वेच्छा से सुख–प्राप्ति चाहता है। सुख–प्राप्ति शुभ कर्मों पर निर्भर है। अतः व्यक्ति स्वेच्छा से शुभ कर्म करना चाहता है। वह स्वेच्छा से बुरा नहीं होता।

प्रश्न : ज्ञान व कर्म में क्या सम्बन्ध है ?

ज्ञान व कर्म में **अभेद सम्बन्ध** है। ज्ञानी ही सद्कर्मों का परिपालन करता है और **अज्ञानी** ही दुष्कर्मों से युक्त होता है।

व्यक्ति अनिच्छा से भला नहीं हो सकता।

सुकरात के अनुसार व्यक्ति **ज्ञान के अभाव** में भला काम नहीं कर सकता। जिस पुरूष को शुभ–अशुभ का ज्ञान नहीं है, उसका कर्म लाभदायक या हानिकारक हो सकता है। शुभ व अशुभ नहीं हो सकता। अच्छा बनने के लिये **अच्छाई का ज्ञान** होना नितान्त आवश्यक है। ज्ञान ही आत्मा का **विशेष गुण** है। इसके अभाव में ही व्यक्ति **दुष्कर्मों में संलग्न** होता है।

व्यक्ति की दुःख के प्रति स्वाभाविक अनिच्छा होती है। दुःख प्राप्ति अशुभ कर्मों के कारण होती है। अतः व्यक्ति अशुभ कर्मों के प्रति स्वभावतः अनिच्छुक होता है परन्तु फिर भी वह अपने जीवन में अशुभ कर्मों का सम्पादन करता है। अतः अशुभ कर्मों के प्रति अनिच्छा होने मात्र से वह **भला नहीं** हो सकता क्योंकि शुभ कर्मों के ज्ञान के अभाव के लिये वह स्वयं उत्तरदायी है। यदि वह चाहता तो सद्गुणों का ज्ञान प्राप्त कर शुभ कर्म कर सकता था।

* **ज्ञान सद्गुण है** (Knowledge is Virtue) : सुकरात के अनुसार ज्ञान इन्द्रियजन्य या प्रतीति रूप न होकर बौद्धिक एवं प्रत्यात्मक है। इसी कारण वह विशेष न होकर सामान्य होता है। परिणामतः सुकरात व्यक्तिगत सुख की बजाय **सामान्य सुख** अर्थात् सद्गुण को नैतिकता का मनदण्ड मानते हैं। सुकरात सदाचरण हेतु सद्गुणों का ज्ञान आवश्यक मानते है।

इनके अनुसार ज्ञान सद्गुण है अर्थात जिस व्यक्ति को ज्ञान है वह सदैव अपने आचरण में सद्गुणों को व्यक्त करेगा क्योंकि :

1. ज्ञान दृढ़ विश्वास के रूप में होता है, जिसकी अभिव्यक्ति व्यक्ति के चरित्र में अपरिहार्य रूप से होती है।
2. ज्ञान व सद्गुण में तादात्म्य सम्बन्ध है।
3. ज्ञान का स्वरूप ही ऐसा है कि वह मानव आचरण में ही व्यक्त होगा। आचरण में अभिव्यक्त होने पर ही हम यह जानते हैं कि अमुक व्यक्ति को सद्गुणों का ज्ञान है।

सुकरात के अनुसार ज्ञान व तद्नुरूप आचरण में **अभेद सम्बन्ध** है। व्यक्ति सद्गुणों के ज्ञान के बिना सद्कर्मों का सम्पादन नहीं कर सकता। अब यदि कोई व्यक्ति दुष्कर्मों का सम्पादन कर रहा है तो वह अवश्य ही **अज्ञानी** होगा। स्पष्ट है कि सुकरातानुसार **ज्ञान सद्गुण के लिये आवश्यक एवं पर्याप्त शर्त है**। इस प्रकार वे ज्ञान और आचरण के गठबंधन को नैतिकता का **उत्कर्ष** मानते हैं। इसी संदर्भ में यह कहा जाता है कि : **"ज्ञान ही सद्गुण हैं व सद्गुण ही ज्ञान हैं"।** दोनों एकरूप, सार्वभौम, बुद्धि आधारित, शिक्षणीय, अविभाज्य एवं अपरिवर्तनशील है।

संक्षेप में :

* **ज्ञान** → सद्गुण → सदाचरण → बौद्धिक सुख की प्राप्ति → सामान्य सुख → सार्वभौमता।
* **अज्ञान** → दुर्गुण → दुष्कर्म → इन्द्रिय सुख → व्यक्ति सापेक्ष → अव्यवस्था का जन्म।

"ज्ञान ही सभी नैतिक कर्मों का आधार है"।

यदि किसी मनुष्य को शुभ का ज्ञान है तो वह उसे प्राप्त करेगा या प्राप्त करने का प्रयास करेगा। वह शुभ कर्म अवश्यक करेगा बुरा नहीं करेगा। इसलिये ज्ञान सद्गुणों का आधार है। कोई भी व्यक्ति बुराई को जानते हुये भी बुराई को जानते हुये भी बुराई की इच्छा नहीं करता और न बुराई करता है।

यदि किसी व्यक्ति को शुभ का ज्ञान नहीं है तो वह दुष्ट होने से नहीं बच सकता। ज्ञानाभाव में अच्छा काम नहीं कर सकता। कोई व्यक्ति जानबूझकर दुर्गुणी नहीं बनता। ये तो उसके अज्ञान का परिणाम है।

अतः ज्ञान ही व्यक्ति को नैतिक बनाता है। कोई व्यक्ति आकस्मिक रूप से नैतिक नहीं हो सकता। ज्ञान सद्गुणों का मूलाधार है, जबकि **अज्ञान** दुष्कर्मों एवं बुराई का मूल आधार है।

* **आलोचना :**

1. अच्छाई एवं बुराई का भेद जानते हुये भी मनुष्य कई बार बुरा **कर्म** करता है।
2. ज्ञानी होने पर भी कुछ संदर्भों में उसकी अभिव्यक्ति नैतिक जीवन में **नहीं** भी हो सकता, जैसे : **धूम्रपान**।
3. आचरण **प्रवृत्ति** पर भी निर्भर करता है और कुछ संदर्भों में प्रवृत्ति ज्ञान से असम्बन्धित हो सकती है।
4. सुकरात ने सद्गुणों की एकता मानी है, परन्तु सबको एकबद्ध करना कठिन है। सम्भव है कोई **न्यायप्रिय** व्यक्ति **साहसी न हो**।
5. सुकरात सद्गुण व शुभ में स्पष्ट भेद **नहीं** करते हैं।
6. सुकरात ने सद्गुणों का सम्बन्ध **आध्यात्मिक अमरता** से जोड़ा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह स्वीकार्य नहीं है।

संदेश

ज्ञान व आचरण में अनुरूपता रहनी चाहिये ताकि समाज शान्तिपूर्ण, संयमित, व्यवस्थित व आनन्दपूर्ण हो सके।

प्लेटो का न्याय सम्बन्धी सिद्धान्त
(Plato's Theories of Justice)

* प्लेटों ने अपने ग्रंथ **'रिपब्लिक'** में न्याय की अवधरणा पर विस्तार से विचार किया है।
* प्लेटों ने अपने ग्रंथ 'रिपब्लिक' में **दार्शनिकराजा** की बात की है। इनके अनुसार आदर्श राज्य में न्याय की उपलब्धि विशुद्ध विवेक से सम्पन्न परम सत्य के ज्ञाता दार्शनिकों के संरक्षण में हो सकती है, जहाँ वासना प्रधान उत्पादक वर्ग और शौर्यप्रधान शासक वर्ग के ऊपर शुद्ध एवं निर्लिप्त बुद्धि से सम्पन्न दार्शनिक का पूर्ण नियंत्रण हो।
* **न्याय क्या है :** प्लेटो के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति या प्रत्येक वर्ग का अपने **स्वभाव एवं योग्यता** के अनुकूल अलग–अलग निश्चित कार्य का सम्पादन करना तथा दूसरे **वर्ग के कार्यों में हस्तक्षेप न करना ही न्याय है**। इस प्रकार प्लेटो का न्याय **कर्त्तव्य** का द्योतक है।

* प्लेटो ने अपने ग्रंथ (रिपब्लिक) को न्याय विषयक ग्रंथ (a treatis concerning justice) कहा है, क्योंकि रिपब्लिक का प्रारम्भ एवं अन्त न्याय –सिद्धान्त से होता है।

प्लेटो के सामाजिक, राजनीतिक विवेचन का सबसे प्रमुख विचार उनका न्याय विचार है। प्लेटो ने न्याय को व्यक्ति और राज्य दोनों के **प्रथम सद्गुण** (Virtue) के रूप में मान्यता दी है, अर्थात् न्याय ही व्यक्ति और राज्य दोनों की सबसे प्रमुख विशेषता और सर्वाधिक प्राप्य आदर्श है। **न्याय सर्वोपरि सद्गुण है, क्योंकि यह अन्य सभी सद्गुणों के मध्य आन्तरिक सामंजस्य एवं संतुलन को बनाये रखता है।**

प्लेटो ने न्याय की व्याख्या कानूनी आधार पर न करके **नैतिक आधार** पर की है। यहाँ न्याय व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के आधारभूत सद्गुण के रूप में स्वीकृत है। इसी कारण प्लेटो के दर्शन में 'न्याय' शब्द मूलतः कर्त्तव्य–पालन के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। कानूनतः न्याय बाह्य आरोपित शक्तियों से बाधित होता है। इसमें व्यक्ति नैतिकता का पाल बाह्य दबावों के कारण करता है, जबकि प्लेटो के दर्शन में न्याय अन्तरात्मा की आवाज है। यहाँ प्लेटो के इस न्याय की **तुलना गीता के स्वधर्म पालन** से की जा सकती है, जिसका तात्पर्य है कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह किसी वर्ण से सम्बन्धित हो, स्वेच्छापूर्वक अपने **कर्त्तव्य का पालन** करना चाहिये।

प्लोटो के अनुसार न्याय के दो पक्ष हैं :

1. व्यक्ति के लिये न्याय या (व्यक्तिगत)।
2. समाज के लिये न्याय (सामाजिक)।

प्लेटो के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा में **तीन प्रकार** के गुण पाये जाते हैं :

1. बुद्धिमता (ज्ञान)।
2. साहस (वीरता)।
3. तृष्णा (सांसारिक वस्तुओं में आसक्ति)।

प्लेटो इन्हें ही मानवीय सद्गुण कहते हैं।

I. **व्यक्ति के संदर्भ में न्याय :** यहाँ न्याय का तात्पर्य है कि व्यक्ति की आत्मा में इन तीनों गुणों का उचित मात्रा में समन्वय होना चाहिये। प्लेटो व्यक्ति के संदर्भ में न्याय को परिभाषित करते हुये कहते हैं कि **"न्याय मानव आत्मा की उचित अवस्था है,** व्यक्ति द्वारा अपने गुण के अनुसार अपने कर्त्तव्य का पालन करना ही **न्याय** कहलाता है"। संक्षेप में, अपने–अपने स्वभाव के अनुसार तद्नुरूप कार्य करना ही **प्लेटो** के अनुसार न्याय है। इस रूप में प्लेटो का यह मानना है कि **"एक व्यक्ति को केवल एक ही ऐसा कार्य करना चाहिये, जो उसके प्रकृति तथा स्वभाव के सर्वथा अनुकूल हो"।**

II. **समाज (राज्य) के लिये न्याय :** प्लेटो के अनुसार **राज्य व्यक्ति का ही वृहत् रूप** है। व्यक्ति की आत्मा में जो तीन गुण पाये जाते हैं, राज्य में उसका प्रतिनिधित्व **तीन वर्ग** करते है, जैसे : बुद्धिमता का प्रतिनिधित्व शासक वर्ग, साहस का प्रतिनिधित्व योद्धा या सैनिक वर्ग और तृष्णा का प्रतिनिधित्व **उत्पादक वर्ग** करते हैं। प्लेटो का मानना है कि राज्य के संदर्भ में न्याय का अर्थ है : राज्य के तीनों वर्गों द्वारा उनके लिये कर्त्तव्यों का पालन करना और **दूसरे वर्ग के कार्यों में हस्तक्षेप न करना**। उदाहरणस्वरूप योद्धा वर्ग के सदस्य को केवल राज्य की सुरक्षा से सम्बन्धित कार्य करना चाहिये और उसे शासन संचालन या उत्पादन प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। इस प्रकार हम यहाँ यह कह सकते हैं कि प्लेटो के अनुसार न्याय का तात्पर्य अपने स्वाभावानुरूप कार्यों का सम्पादन कर परस्पर सामंजस्य बनाये रखना है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर दार्शनिकों ने प्लेटो के न्याय सम्बन्धी विचार की कुछ विशेषताओं का विवेचन किया है :

(i) प्लेटो का न्याय सिद्धान्त **कार्यात्मक विशिष्टकरण** के सिद्धान्त पर आधारित है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक वर्ग का अपना विशिष्ट **कार्य** एवं **स्थान** है, जिसके अनुसार वह कार्य करते हुये वह अपनी उन्नति और विकास करता है तथा सामाजिक उन्नति में भी सहायक होता है।

शासक वर्ग	योद्धा वर्ग	उत्पादक वर्ग
↑	↑	↑
शासन का कार्य	रक्षा का कार्य	उत्पादन का कार्य

(ii) **प्लेटो का न्याय अहस्तक्षेप नीति का सिद्धान्त है।** इसमें समाज के तीनों वर्ग (दार्शनिक, सैनिक एवं उत्पादक) अपनी –अपनी प्राकृतिक योग्यताओं, क्षमताओं और प्रशिक्षण के अनुसार अपने–अपने क्षेत्र में कार्य करता है, उसी में **निपुणता** और **कुशलता** प्राप्त करता है तथा दूसरे वर्ग के कार्य में हस्तक्षेप नहीं करता है। ऐसी स्थिति में समाज में न्याय का आविर्भाव होता है तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच **समन्वय** और **संतुलन** बना रहता है।

(iii) प्लेटो का न्याय **आत्मसंयम** का सिद्धान्त है। प्लेटो अपने न्याय सिद्धान्त द्वारा राज्य के विभिन्न वर्गों एवं आत्मा के विभिन्न गुणों में सामंजस्य एवं एकता बनाए रखना चाहते हैं।

प्लेटो की न्याय सम्बन्धी अवधारणा कानूनी अवधारणा न होकर एक **नैतिक अवधारणा** है।

(iv) प्लेटो का न्याय सिद्धान्त **रचनात्मक** भी है। यहाँ समाज के विभिन्न वर्गों में संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया गया है। राज्य विभिन्न प्रकार के निर्माणकारी घटकों के बीच **घनिष्ठ सम्बन्ध** बनाये रखते है।

*** आलोचना :**

(i) आलोचकों के अनुसार प्लेटो का न्याय सिद्धान्त वास्तव में न्याय सिद्धान्त नहीं है। यह केवल कर्त्तव्य पालन से सम्बन्धित एक नैतिक व्यवस्था है। **बार्कर** के अनुसार प्लेटो के न्याय में न्याय के **कानूनी पक्ष की अवहेलना की गई है**।

(ii) प्लेटो का न्याय सिद्धान्त **भेदमूलक** एवं **कुलीनतावादी** है। प्लेटो समाज का विभाजन तीन **असमान** वर्गों में करते हैं। प्रजातांत्रिक दृष्टि से यह अनुकूल **नहीं** है।

(iii) आलोचक यह भी मानते हैं कि प्लेटो का न्याय सिद्धान्त **तानाशाही या सर्वाधिकारवाद का मार्ग प्रशस्त** करता है। आधुनिक समकालीन विचारक **कार्ल पोपर** के अनुसार प्लेटो ने अपने न्याय सिद्धान्त में शासक वर्ग को **ज्ञान** का प्रतिनिधि मान लिया है। ऐसी स्थिति में शासक वर्ग के निर्णय को **सदैव सही माना जाएगा**। उस पर किसी भी प्रकार का नियन्त्रण नहीं हो पाता है।

(iv) अरस्तू के अनुसार प्लेटो का न्याय सिद्धान्त **'अत्यधिक एकीकरण'** और **'अत्यधिक पृथक्कीकरण'** की भावना पर आधारित है। इससे एकता की स्थापना करने में **कठिनाई** होती है।

*** महत्व :**

(i) प्लेटो ऐसे प्रथम दार्शनिक हैं, जिन्होंने न्याय का एक **सुव्यवस्थित सिद्धान्त प्रतिपादित किया**। इनके पूर्व प्रचलित कोई सिद्धान्त **व्यवस्थित एवं तर्कसंगत नहीं हैं।**

(ii) प्लेटो ने न्याय को व्यक्ति एवं राज्य दोनों से जोड़कर उसे व्यापक रूप प्रदान किया।

मनोवैज्ञानिक सुखवाद
(Psychological Hedonism)
उपयोगितावाद (Utilitarianism)
(बेंथम, जे. एस. मिल)

*** सुखवाद (Hednism) : सुखवाद वह नैतिक सिद्धान्त है जो सुख प्राप्ति को ही जीवन का चरम लक्ष्य मानता है**। जो कर्म इसमें सहायक है वह शुभ है और जो बाधक है वह अशुभ है। सुखवाद के अनुसार मानव जीवन का एकमात्र साध्य सुख प्राप्त करना है। सुख ही मनुष्य के प्रत्येक ऐच्छिक कर्म का विषय है। प्रत्येक मनुष्य सुख या अधिक से अधिक सुख प्राप्त करना चाहता है और विपरीततः दुःख या अधिक से अधिक दुःख को छोड़ना चाहता है। जो कार्य सुख को उत्पन्न करता है, वह उचित है और जो दुःख को उत्पन्न करता है, वह अनुचित है। इस प्रकार **सुख** अच्छे और बुरे का प्रतिमान (मानदण्ड) है। इस रूप में सुखवाद **परिणाम सापेक्ष नैतिकता** का समर्थन करता है, क्योंकि यहाँ परिणाम के आधार पर **उचित** या अनुचित का निर्धारण किया जाता है।

पश्चिम में सुखवाद के जन्मदाता यूनान के **अरिस्टिपस** थे। वे **सिरेने** के निवासी थे। इसीलिये जिस सम्प्रदाय की उन्होंने स्थापना की, उसे **सिरेनाइक** (Cyrenaics) मत कहा जाता है। यही मत सुखवाद का पहला संस्करण है।

सुख की प्राप्ति तब होती है, जब हमारी इच्छा या वासना पूर्ण होती है। इसीलिये इसे भावना प्रधान कहा जात है। इसके दो रूप है :

मनोवैज्ञानिक सुखवाद के अनुसार मनुष्य स्वभावतः सुख की खोज करता है। सुख ही मनुष्य के कर्मों का स्वाभाविक एवं सामान्य लक्ष्य है। (The sole object of human desire is pleasure.)।

*** नैतिक सुखवाद** (Ethical Hedonims) **: मनुष्य को सुख की खोज करनी चाहिये। हमारा परमश्रेय सुख है, यह आदर्शात्मक सुख है।**

नैतिक सुखवाद मनुष्य के **कर्त्तव्य** का निर्धारण करने के लिये सुख को एकमात्र **अनिवार्य मानदण्ड** मानता है।

नैतिक सुखवाद के अनुसार ''मनुष्य के सुख में सहायक प्रत्येक कर्म **शुभ** तथा उसके सुख में बाधक प्रत्येक कर्म **अशुभ** है। सुख ही अपने आप में **शुभ** तथा **वांछनीय** है और दुःख अपने आप में अशुभ या अवांछनीय है''।

इस सिद्धान्त के मुताबिक :

1. प्रत्येक सुखद अनुभव अपने आप में शुभ तथा वांछनीय है।
2. प्रत्येक दुःखद अनुभव अपने आप में अशुभ तथा अवांछनीय है।
3. दो अनुभवों में से जो अधिक दुखद है, वह अपने आप में अशुभ या अवांछनीय है।

''सुख या दुःख के अतिरिक्त कुछ भी अपने आप में शुभ और अशुभ नहीं है''।

मनोवैज्ञानिक सुखवाद :

– मनुष्य के प्रत्येक कर्म का हेतु सुख है।
– मनुष्य के प्रत्येक कर्म का विषय सुख है।
– मनुष्य की प्रत्येक इच्छा की तृप्ति या फल सुख है।

इस प्रकार मनोवैज्ञानिक सुखवाद सुख को कर्मों का हेतु, विषय या फल या तीनों मानता है, किन्तु वह सुख को जीवन का साध्य नहीं मानता है या **सुख को श्रेय नहीं समझता है**।

नैतिक सुखवाद मनोवैज्ञानिक सुखवाद से इस बात से भिन्न है, कि वह मात्र सुख को श्रेय मानता है। नैतिक सुखवाद कहता है कि सभी ऐच्छिक कर्मों का साध्य सुख या अधिक से अधिक सुख होना चाहिये, जबकि मनोवैज्ञानिक सुखवाद कहता है कि सभी कर्मों का प्रेरक–हेतु सुख या अधिक से अधिक सुख है। पहला सुख को **आदर्श** मानता है तो दूसरा **यथार्थ**। पहले के अनुसार सुख प्राप्त नहीं किन्तु प्राप्तव्य है,

जबकी दूसरे के अनुसार सुख नित्य प्राप्त है। पहले में सुख औचित्य तथा अनौचित्य का प्रतिमान है तो दूसरे में सुख कर्मों का मात्र प्रेरक है।
सुख इच्छा का स्वाभाविक विषय है।

– वस्तु विषयक इच्छा वस्तु के लिये नहीं, बल्कि उससे मिलने वाले **सुख के लिये** होती है। वस्तुएँ **स्वतः साध्य** नहीं है, बल्कि सुख की साधन मात्र हैं अर्थात् **सुख साध्य है, सुखद वस्तु साधन मात्र है।**

– **समर्थन :** सिरेनाइक, एपिक्युरस, हॉब्स, बेन्थम, मिल, श्लिक।

* **उपयोगितावाद : उपयोगितावाद वह प्रयोजनवादी नैतिक सिद्धान्त है, जिसके अनुसार 'अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख' ही शुभ का एकमात्र मानदण्ड है। इसके समर्थक बेंथम, मिल आदि हैं।**

बेन्थम

* **पुस्तक :** Principles of Morals and Leglislation.

- निकृष्ट परार्थवादी।
- भावनात्मक परार्थवादी।
- निकृष्ट परार्थवादी सुखवादी।
- निकृष्ट उपयोगितावादी।

* **निकृष्ट कार्य का अर्थ :** निकृष्ट क्योंकि वे सुखों में गुणात्मक भेद नहीं मानते। सभी सुख गुण की दृष्टि से समान हैं। सुख की मात्रा बराबर होने पर ताश का खेल उतना ही अच्छा है, जितना कविता पाठ।

* **परार्थवादी क्यों ? :** वे **सुखवादी परिगणना में व्यापकता (Extent) को स्वीकारते** है। उनके अनुसार वही सुख श्रेयस्कर है, जिसका सुख अधिक से अधिक व्यक्तियों को मिल सके।

* **मापदण्ड :** सुख का केवल एक मापदण्ड है, वह परिमाण (मात्रा, Quantity) है। जिस सुख का परिमाण जितना ही अधिक होगा, वह सुख उतना ही अधिक वांछनीय होगा। सुख के परिमाण मापने के सात आधार है, जिसे सुखवादी परिगणना (Hedonistic Calculus) अथवा **नैतिक गणित (Moral Arithmatic) कहते हैं।**

1. **तीव्रता (Intensity) :** वह सुख अधिक अच्छा है, जो दूसरे सुख से अधिक **तीव्र** है।
2. **अवधि (Duration) :** सुखों में से वह अधिक **वरणीय** है, जिसकी अवधि अधिक है।
3. **निकटता (Proximity) :** निकटस्थ सुख दूरस्थ सुख की अपेक्षा **वरणीय** है।
4. **निश्चितता (Certainty) :** निश्चित सुख अनिश्चित सुख की **अपेक्षा** अधिक वरणीय है।
5. **शुद्धता (Purity) :** शुद्ध सुख वह है, जो **दुःख** से व्याप्त नहीं होता है।
6. **उत्पादकता (Productivity or Frecundity or Fruitfulness) :** वह सुख जो अन्य अनेक सुखों का जन्मदाता है।
7. **व्यापकता (Extent) :** अधिक व्यापक सुख कम व्यापक सुख की अपेक्षा **वरणीय** है।

* **व्यापकता (Extent) को मानने के कारण बेन्थम परार्थवादी हो जाते है।** बेन्थम के परार्थवादी का आधार है : **मनोवैज्ञानिक सुखवाद।**

* **मनोवैज्ञानिक सुखवाद :** "प्रकृति ने मनुष्य को सुख–दुःख के साम्राज्य में रखा है, ये सुख–दुःख ही मनुष्य के कर्मों के निर्धारक है"। मनुष्य का उद्देश्य है : **सुख की प्राप्ति** और **दुःख की निवृत्ति।** मनुष्य स्वभावतः अपने अधिकतम सुख की खोज करता है।

* **"मनुष्य स्वभावतः अपना अधिकतम सुख चाहता है"।** मनुष्य कभी अपनी अँगुली भी न हिलाये, यदि उसे पता हो कि इससे कोई फायदा उसे नहीं होगा। मनुष्य स्वभावतः **स्वार्थी** है।

* **मानव स्वार्थ से परार्थ की और कैसे ?**

* बेन्थम ने इसके **चार कारण** बताये हैं :
इन्हें **नैतिक आदेश या नैतिक अनुशस्ति** कहते हैं। **(Moral Sanctions)।**

1. **प्राकृतिक आदेश** (Physical or Nature Sanctions)
2. **सामाजिक आदेश** (Social)
3. **राजनीतिक आदेश** (Political)
4. **धार्मिक आदेश** (Religious)

– बेंथम इन चारों को नैतिक अंकुश (Moral Sanctions) कहते हैं।

– **ये चारों बाह्य आदेश (External Sanctions) हैं, जो व्यक्ति को परार्थवादी बनने को बाध्य करते हैं।**

* अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख – हसीचन की यह उक्ति है।

बेन्थम से सम्बन्धित प्रमुख पद (Term) :

1. सुख–दुःख का साम्राज्य।
2. सुख और दुःख को तौलने की बात।
3. स्वप्न मत देखो की कोई व्यक्ति कानी अँगुली भी हिलायेगा।
4. प्रत्येक व्यक्ति **अपने ज्यादा** निकट है।
5. प्रत्येक व्यक्ति की गिनती **एक** है, एक से अधिक नहीं।
6. ताश का खेल, कविता पाठ।

* **बेन्थम का सार :**

- **जीवन का आदर्श :** अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख।
- **निकृष्ट क्यों :**

– सुख में केवल परिणामात्मक भेद।

– सुखवादी परिगणना (Hedonistic Calculus)।
– सुख को मापने के सात आधार।
– मनोवैज्ञानिक सुखवाद।
– स्वभावतः अपने सुख की खोज।
- नैतिक आदेश या बाह्य आदेश जिसके भय से मनुष्य परार्थी बनता है।

जॉन स्टूवर्ट मिल

* **पुस्तक :** Utilitarianism.
* ''कोई कम उसी अनुपात में उचित है, जिस अनुपात में आनन्द की प्राप्ति होती है तथा उसी अनुपात में अनुचित जिस अनुपात में **दुःख** की प्राप्ति होती है''।
* **मत या सिद्धान्त** : Refined or Qualitative Utilitarianism (परिष्कृत उपयोगितावाद)।
* **मिल का कथन :** किसी वस्तु की इच्छा करना और उसे **सुखद** समझना और किसी वस्तु से दूर **भागना** तथा उसे **दुःखदायी** समझना सर्वदा अपृथक तत्व है।
* **नैतिक सुखवाद :** चूँकि मानव स्वभाव से सुख प्राप्ति की इच्छा करता है। अतः यह उसका नैतिक कर्त्तव्य है कि वह सुख प्राप्ति की इच्छा करता **रहे**, उसे सुख की इच्छा करनी **चाहिये**।
* '' तर्क – कोई वस्तु दृश्य है, इसका एकमात्र प्रमाण है कि लोग उसे वास्तव में देखते हैं। कोई शब्द श्रव्य है इसका एकमात्र आधार यह है कि लोग उसे **सुनते** हैं। इस प्रकार वांछनीय होने का एकमात्र आधार यह है कि लोग सचमुच उसकी **इच्छा** करते हैं। चूँकि मानव स्वभावतः सुख की इच्छा करता है। अतः सुख की **इच्छा की जानी चाहिये** ''।
  यहाँ मनोवैज्ञानिक सुखवाद के आधार पर नैतिक सुखवाद को निकाला गया है। दूसरे शब्दों में **तथ्यात्मक से मूल्यांकन निष्कर्ष** को निकाला गया है। (Value is **entailed by natural** properties)। **'है'** से **'चाहिये'** को निकाला गया है। मूर के अनुसार यहाँ **प्रकृतिवादी दोष (Naturalistic Fallacy)** है।

* **स्वार्थ से परार्थ की ओर कैसे ?**

- **रूचि का रूपान्तरण :** परार्थ का जन्म और विकास स्वार्थ से होता है। मिल के अनुसार प्रारम्भ मनुष्य दूसरों के दुःख को दूर करने में अपना **दुःख** दूर करता है, अर्थात् परोपकार का प्रयोग वह अपने **सुख प्राप्ति** के **साधन के** रूप में करता है, पर बार–बार ऐसा करने से मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त रूचि के रूपान्तरण के अनुसार हमारी **अभिरूचि साध्य** से हटकर साधन में चली जाती है, अर्थात् साधन ही साध्य हो जाता है। इस प्रकार हम अपना सुख भूलकर दूसरों की **भलाई में ही आनंद उठाने लग जाते हैं।** इस प्रकार **मनुष्य में परोपकार की भावना का उदय होता है।**
- **परोपकार करने के लिये हम बाध्य क्यों होते हैं ? :** मिल बेन्थम की तरह चार बाह्य आदेशों को मानते हैं, जिसके कारण मनुष्य अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख का **आदर्श** अपनाता है। इसके साथ–साथ मिल एक **आन्तरिक आदेश को भी** स्वीकार करते हैं।
- चार बाह्य आदेश (नैतिक अंकुश) + एक आन्तरिक आदेश या आन्तरिक अंकुश।

1. प्राकृतिक आदेश + आन्तरिक आदेश (Internal Sanction of Conscience)।
2. राजनीतिक आदेश (The pleasure and pains of the moral sentiments)।
3. सामाजिक आदर्श। 4. धार्मिक आदेश।

* **आन्तरिक आदेश या मनुष्य की आत्मा का अंकुश :** मानव जाति के सुख की भावना दूसरों की अनुभूतियों एवं दुःखों के प्रति **सम्मान का भाव,** कर्त्तव्य के उल्लंघन से उत्पन्न दुःख की अनुभूति, मनुष्य की सामाजिक **अनुभूतियाँ** अर्थात् अन्य मनुष्यों के साथ मिलकर रहने की **इच्छा**। यह सामाजिक भावना मनुष्य में जन्मजात नहीं तो प्राकृतिक अवश्य है।
* **Mill :** "The internal sanction is a feeling for the happiness of mankind, a feeling of regard for the feeling and pains of others - the social feeling of mankind - the desire to be in unity with our follow creatures which if not innate are none the less natural".

- सुखों में मात्रात्मक भेद के साथ–साथ गुणात्मक भेद (Pleasure vary in kind as well as degree)।
- सुख के दो प्रकार **इन्द्रिय सुख** और **बौद्धिक सुख।**
- सुखों के मूल्यांकन में उनके **परिमाण** के साथ–साथ **गुणों** को भी ध्यान में रखना चाहिये।
- मिल गुणात्मक सुख को श्रेष्ठ मानते हैं।

* **गुणात्मक सुख को श्रेष्ठ क्यों मानते हैं ?**

- **योग्य निर्णायक (Competent Judge) :** योग्य निर्णायक कौन ? जिसने दोनों प्रकार के सुखों का अनुभव किया है। यदि निर्णायकों में मतभेद हो तो बहुमत को महत्व दिया जायेगा। इन निर्णायकों के निर्णय का आधार क्या है ?
- **गरिमा की भावना** (Sense of Dignity) : इसी भावना के आधार पर योग्य निर्णायक बौद्धिक सुखों को शारीरिक सुख से योग्य मानते हैं।
- **कथन :** मनुष्य एक संतुष्ट सुअर होने की अपेक्षा असंतुष्ट मनुष्य होना पसन्द करता है। वह संतुष्ट मनुष्य की अपेक्षा असंतुष्ट सुकरात होना पसन्द करता है।

■ **बेन्थम एवं मिल में समानता :**

1. दोनों के दर्शन का आधार मनोवैज्ञानिक।
2. दोनों का दर्शन नैतिक सुखवादी है। हमारा यह कर्त्तव्य है कि हम सुख की खोज करे।
3. दोनों परार्थवादी है : अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख है।
4. दोनों उपयोगतावादी।

* जो उपयोगी है, वह उचित अर्थात् नैतिक है। चूँकि सुख उपयोगी है। अतः सुख उचित है।

* सुख ही शुभ है।

* **बेन्थम एवं मिल में अन्तर :**

1. बेन्थम केवल मात्रात्मक भेद स्वीकार करते हैं।
2. प्रवृत्तियों में भेद : बेन्थम मानव प्रवृत्तियों में कोई **भेद नहीं मानते** है। मिल मानव प्रवृत्तियों में **भेद मानते हैं**।

* गुण भेद से तो कुछ उच्च कुछ निम्न है। बौद्धिक प्रवृत्ति शारीरिक प्रवृत्ति से अच्छी है।

* **व्यक्ति की धारणा में अन्तर :**

■ **बेन्थम :**

1. मानव–मानव में कोई अन्तर नहीं है। **प्रत्येक व्यक्ति समान है।** प्रत्येक व्यक्ति की गिनती **एक** हैं।
2. मानव पशु से अधिक नहीं है। प्राणी सदैव सुख की खोज करता है, चाहे वह पशु हो या मानव।

■ **मिल :** न केवल मानव पशु से भिन्न है, बल्कि मानव–मानव में भी भिन्नता है। मूर्ख और विद्वान में अन्तर है।

* **स्वार्थ से परार्थ मार्ग की ओर कैसे ?**

■ **बेन्थम** : चार बाह्य कारण।

■ **मिल :** चार बाह्य गुण + आन्तरिक कारण।

* **अधिकतम सुख के मापदण्ड का आधार :**

■ **बेन्थम** : सुखवादी गणना।

■ **मिल :** मानवता के मूल्यों को समझकर गुणात्मक रूप से **श्रेष्ठ गुणों को ही जीवन** का लक्ष्य है।

■ **सामान्य सुख** (General Happiness) – मिल।

* **कर्म उपयोगितावाद (Act-Utilitarianism) :**

■ **समर्थक : बेन्थम, मूर।**

■ वही कर्म उचित है, जो अधिकतम **सुख** उत्पन्न करता है।

■ कर्म उपयोगितावाद केवल किसी **कर्म की अधिकतम उपयोगिता** पर ही ध्यान केन्द्रित करता है। वह कर्म नियमानुसार है या नहीं, न्यायपूर्ण है या नहीं, इस प्रश्न का उसके लिये कोई महत्व नहीं है।

* **नियम उपयोगितावाद** (Rule Utilitarianism) :

■ **समर्थक** : जॉन ऑस्टिन, **जे. एस. मिल** आदि।

■ इसके अनुसार किसी **कर्म** का औचित्य उसके **परिणामों** से निर्धारित नहीं किया जाना चाहिये, बल्कि जिस नियम के अन्तर्गत **वह कर्म आता** है उस नियम के **अपनाने** के परिणामों से निर्धारित किया जाना चाहिये।

■ यह सिद्धान्त किसी विशेष कर्म की अधिकतम उपयोगिता के स्थान पर **सामान्य नियम** की अधिकतम उपयोगिता को ही महत्व देता है। इस सिद्धान्त के अनुसार, हमें केवल वही कर्म करना चाहिये, जो ऐसे सामान्य नियम के अनुरूप हों जिनकी वास्तव में अधिकतम उपयोगिता हो।

स्वातंत्र्य की समस्या
(Problem of Freedom of Will)

* बिना किसी बाह्य प्रलोभन या दबाव के अपनी इच्छानुसार किसी कर्म को करने या न करने की स्वतंत्रता ही संकल्प की स्वतंत्रता कहलाती है।

* **संकल्प की स्वतंत्रता के लिये निम्न शर्तों का होना आवश्यक है।**

■ **कर्म करने की क्षमता या सामर्थ्य :** मनुष्य उसी कर्मों को करने के लिये स्वतंत्र है, जिसको करने के लिये उसके पास शारीरिक और मानसिक क्षमता हो। अन्य शब्दों में – **"यदि वह चाहे तो वह कर सकता है"।**

■ **ज्ञान और उद्देश्य :** मनुष्य को केवल उन्हीं कर्मों के लिये उत्तरदायी ठहराया जा सकता है, जिन्हें :

– वह सोच–समझकर करता है।

– उद्देश्य को ध्यान में रखकर **जान–बूझकर** करता है।

– उद्देश्य से **प्रेरित** होकर करता है।

– **मनुष्य वैसे कर्मों के लिये उत्तरदायी नहीं है जो :**

→ जिसको उसने **अज्ञानवश** किया।

→ बाह्य शक्ति से **बाध्य होकर** करता है।

→ जिसमें **इच्छा संघर्ष** नहीं है।

→ जहाँ कोई **अन्य विकल्प** नहीं हो।

■ **विकल्प की उपस्थिति होनी चाहिये :** किसी विशेष अवसर पर मनुष्य जो कर्म करता है, उस अवसर पर उस कर्म से भिन्न कर्म करने का विकल्प होना चाहिये।

मनुष्य द्वारा स्वतंत्रतापूर्वक किसी कर्म का चुनाव



* **नियतत्वावाद** (Determinism) : मनुष्य के प्रत्येक कर्म का कोई न कोई कारण अवश्य होता है, चाहे वह ऐच्छिक हों या अनैच्छिक।

* कारणता सिद्धान्त न केवल प्राकृतिक घटनाओं पर लागू होता है, बल्कि मनुष्य के **कर्मों** पर भी लागू होता है। **कर्म सिद्धान्त नियतत्ववाद का पोषक है।**

* **मुख्य बातें :**

- व्यक्ति के **व्यक्तित्व** एवं **चरित्र** का ज्ञान होने पर हम उसके **भावी कर्मों** के बारे में भविष्यवाणी कर सकते हैं।
- किसी परिस्थिति में कोई मनुष्य क्या करेगा ? इसका अनुमान लगाया जा सकता है, यदि उसकी आदत, रूचि, इच्छा, विचार, मूल्य एवं आदर्शों का भली भाँति ज्ञान हो।
- **प्रायश्चित (Repent) की सार्थकता :** बुरे कर्मों को करने के बाद हम पश्चाताप करते हैं। इसका अर्थ है कि **"हम सोचते हैं कि जैसा हमने किया वैसा हम नहीं भी कर सकते थे"।**
- नियतत्ववाद के अनुसार, मनुष्य जो कुछ करता है, वह उसे करने के लिये **बाध्य नहीं** है, क्योंकि कोई अन्य व्यक्ति या बाह्य परिस्थिति उसे **अनिवार्यता** कुछ **विशेष कर्म करने के लिये प्रेरित नहीं करता।**
- यदि मनुष्य चाहे तो वह उससे भिन्न कर्म कर सकता है, जो उसने किया है, अर्थात् यदि मनुष्य का **स्वभाव** या **चरित्र** भिन्न होता तो वह उससे भिन्न **कार्य** कर सकता था।
- स्पष्ट है कि नियतत्ववाद मनुष्य के **संकल्प स्वातंत्र्य** का विरोधी नहीं है, वह मनुष्य के **नैतिक उत्तरदायित्व का निषेध नहीं** करता।

नियतत्ववाद (Determinism)	दैववाद (भाग्यवाद) (Fatalism)
↓	↓
आत्म–निर्धारणवाद (Self Determinism)	ईश्वर निर्धारित
↓	↓
अन्तः आरोपित	बाह्य आरोपित
↓	↓
बाध्यता नहीं	बाध्यता
↓	↓
स्वतंत्रता कायम रहती है	व्यक्ति की स्वतंत्रता खण्डित।
↓	↓
उत्तरदायित्व बना रहता है	उत्तरदायित्व नहीं रहता है

* **अनियतत्ववाद** (Indeterminism) : आकस्मिकतावाद के अनुसार मनुष्य के कर्म अकस्मात् हो जाते है, इसका कोई कारण बताना सम्भव नहीं है।

* **मुख्य तथ्य :**

- मनुष्य के कर्म आकस्मिक और अप्रत्याशित हैं।
- मनुष्य के कर्म किसी **आन्तरिक** एवं बाह्य कारण पर **निर्भर** नहीं है।
- मनुष्य के कर्म उसकी **रूचियों, आदत,** इच्छा आदि के **परिणाम नहीं** है।
- मनुष्य स्वयं भी यह नहीं जान सकता कि वह किसी विशेष परिस्थिति में **क्या** करेगा।
- मनुष्य के **भावी जीवन** के बारे में **अनुमान** नहीं लगाया जा सकता है।
- मनुष्य की **चयन प्रक्रिया** निर्धारित नहीं है।

* **दैववाद (भाग्यवाद, Fatalism) :**

- मनुष्य के **सभी कर्म** और उसके **परिणाम ईश्वर** या किसी दैवी सत्ता द्वारा पहले से ही निश्चित रहते हैं। 'मानव' अपने प्रयासों से इसमें **परिवर्तन** नहीं कर सकता।

* **मुख्य तथ्य :**

- जो होना है, वह होकर रहेगा।
- कर्म एवं परिणाम पूर्व निर्धारित है।
- मनुष्य किसी परिस्थिति विशेष में क्या कर्म करेगा, यह पूर्णतः **निश्चित** है, यहाँ बाध्यता है।
- ईश्वर की इच्छा या आज्ञा के बिना दुनिया में कुछ भी नहीं हो सकता।

* **समस्या :**

- मनुष्य के संकल्प स्वातंत्र्य को समाप्त कर देता है।
- मनुष्य को अपने कर्मों के लिये **ऊत्तरदायी** नहीं माना जा सकता।
- पश्चाताप की भावना **निरर्थक** हो जाती है।

मार्टिन्यू : "या तो संकल्प–स्वातंत्र सत्य है या नैतिक निर्णय भ्रामक है"। (Either freedom of will is a fact or moral judgement a delusion)

कान्ट :

"नैतिकता के लिये संकल्प–स्वातंत्र आवश्यक है"।

"तुम्हें करना चाहिये। अतः तुम कर सकते हो"। ("Thou oughtest therefore thou cast.")

- "स्वतन्त्रता का अर्थ है आत्म स्वातन्त्र"। स्वातंत्रता का अर्थ है, उत्तरदायित्व अर्थात् मनुष्य अपने **अच्छे** या **बुरे** कर्मों के लिये **स्वयं उत्तरदायी** है।
- **ऐच्छिक कर्म (Voluntary Action) :**
- **क्या होना चाहिये :** अनेक प्रकार की इच्छाओं की उत्पत्ति हो – उनमें परस्पर संघर्ष हो, प्रयोजन और परिणाम का विवेचन हो – इच्छा के अनुरूप कार्य का निर्णय ले – विवेक की उपस्थिति हो।

- **क्या नहीं होना चाहिये :** प्रलोभन, भय, बाह्य दबाव नहीं होना चाहिये, बाह्य नियंत्रण नहीं होना चाहिये, एक ही विकल्प नहीं होना चाहिये।

नीतिशास्त्र (Kantian Ethics)

* बुद्धिवाद (Rationalism) और अनुभववाद (Empiricism) का समन्वय।
* समीक्षात्मक दर्शन (Critical Philosophy)।
* समीक्षावादी (Criticism)।
* कठोरतावादी (Rigorism) : कान्ट पर कठोरतावादी एवं आकारवादी होने का आक्षेप लगाया जाता है।
* आकारवादी (Formalism)।
* शुभ संकल्प (Good Will)।
* Highest Good or Supreme Good.
* Perfect Good or Complete Good.
* पवित्र संकल्प (Holy will)।
* नियम परिणाम निरपेक्षवाद (Rule Deontology)।
* कान्ट के अनुसार **नैतिकता की तीन आवश्यक मान्यताएँ हैं** (Three Postulates of Morality) :
  - संकल्प स्वातंत्र्य (Freedom of Will)।
  - आत्मा की अमरता (Immortality of Soul)।
  - ईश्वर का अस्तित्व (Existence of God)।
* **पुस्तक :**
  - Critique of Pure Reason (1781) (ज्ञान की सम्भावना पर विवेचन)।
  - Critique of Practical Reason (1788) {नैतिकता (नीतिशास्त्र) एवं धार्मिक विश्वास सम्बन्धी विचार}।
* Critique of Judgement (1790) (सौन्दर्यशास्त्र एवं जीवविज्ञान सम्बन्धी **तथ्यों** पर प्रकाश)।
* The Fundamental Principle of Metaphysics of Moral (1785).
* Foundation of the Metaphyic of Moral (1796).
* **कान्ट** के अनुसार, नैतिकता का **प्रयोजन** हमें सुख प्रदान करना नहीं है, उसका लक्ष्य हमें सुख प्राप्त करने के **योग्य बनाना** है। जब नैतिकता को धर्म के साथ जोड़ दिया जाता है, तब यह आशा उत्पन्न हो जाती है कि किसी दिन हम उस सुख के भागीदार हो जाएंगे, जिसके योग्य हमने **अपने** को बनाया है।
* कान्ट प्रयोजनवादी नीतिशास्त्र (Teleological Ethics) का खण्डन करते हैं। वे **परिणाम निरपेक्ष नैतिकता को स्वीकार करते** है।
* कान्ट का कथन है कि ''आस्था को स्थान प्रदान करने के लिये मैंने अतीन्द्रिय ज्ञान का निषेध आवश्यक समझा''। (I was obliged to destroy knowledge in order to make room for faith)।

प्रश्न : कान्ट के दर्शन को कठोरतावाद (Rigorism) क्यों कहा जाता है ?

भावना एवं संवेगों की उपेक्षा करने पर केवल बुद्धि पर जोर देने तथा नैतिक नियमों में किसी भी प्रकार का अपवाद न मानने के कारण कान्ट के नैतिक दर्शन पर **कठोरतावादी** होने का आक्षेप लगाया जाता है।

प्रश्न : स्वतः साध्य शुभ क्या है ?

कान्ट मतानुसार ऐसा शुभ जिसका शुभत्व **देश–काल, परिस्थिति, परिणाम** या मानवीय **भावनाओं** एवं **इच्छाओं** पर निर्भर **नहीं** है, वह स्वतः साध्य शुभ है।

प्रश्न : शुभ संकल्प क्या है ?

कान्ट मतानुसार **विशुद्ध कर्त्तव्य भावना** या **कर्त्तव्य की चेतना** पर आधारित संकल्प ही शुभ संकल्प है।

प्रश्न : कर्त्तव्य क्या है ?

नैतिक नियमों के प्रति **सम्मान की भावना** से प्रेरित होकर उन्हीं नियमों के अनुरूप कर्म करने की **अनिवार्यता** या **बाध्यता** ही कर्त्तव्य है।

* **नैतिक नियम की उत्पत्ति का ज्ञान :** व्यावहारिक बुद्धि के द्वारा (Practical Reason)।
* **नैतिक नियम की विशेषताएँ :**

(i) नैतिक नियम व्यावहारिक बुद्धि (Practical Reason) की देन है, अर्थात् **सभी नैतिक नियम बौद्धिक** (Rational) है। (Reason alone determine moral principles).

(ii) किसी कार्य का नैतिक या अनैतिक होना बौद्धिक नियमों पर निर्भर करता है। नियम के अनुकूल कार्य उचित तथा नियम के विपरीत कार्य अनुचित।

(iii) नैतिक नियम आनुभविक (Empirical) न होकर **अनुभव निरपेक्ष** (a priori) है। यद्यपि हम इन नियमों को अनुभव के विषयों पर लागू करते हैं।

(iv) नैतिक नियम **निरपेक्ष आदेश** है। (Moral laws are categorical imperative)।

(v) नैतिकता का स्रोत **स्वतंत्र व्यक्ति** है, ईश्वर की आज्ञा नहीं।

(vi) नैतिकता का सम्बन्ध वास्तविकता (fact) से नहीं हैं, बल्कि आदर्श (Idea) या चाहिये (Ought) से है।

(vii) Moral Law which is imposed by practical reason, upon itself is a categorical imperative (नैतिकता नियम निरपेक्ष आदेश है)।

* आदेश दो प्रकार के होते हैं (Imperatives are two types) :

(i) सापेक्ष आदेश (Relative or Hypothetical or Conditional Imperative)।

(ii) निरपेक्ष आदेश (Categorical or Unconditional Imperative)।

1. वे आदेश जो किसी **अपेक्षा** या **शर्त** पर निर्भर हो अर्थात् जो किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिये किये जाते हो, वे सापेक्ष आदेश हैं। ये **साधन रूप** में होते हैं, साध्य रूप में नहीं जैसे : यदि स्वास्थ्य चाहिये तो स्वास्थ्य के निमयों का पालन करो (स्वास्थ्य सम्बन्ध नियम)। यदि सम्पत्ति चाहिये तो अर्थशास्त्र के नियम का पालन करो (अर्थशास्त्र सम्बन्धी नियम)।

(i) **हेतु आश्रित आदेश** (Problematic Imperative) : इसका सम्बन्ध उन उद्देश्यों से है, जिसकी पूर्ति के लिये सब मनुष्य नहीं बल्कि कुछ मनुष्य प्रयास करते है, जैसे : परीक्षा में उत्तीर्ण होना है तो फिर **कोई विशेष** कला सीखनी होगी। कान्ट इसे **कौशल सम्बन्धी आदेश** कहते है।

(ii) **प्राकृत आदेश** (Assertoric Imperative) : इसका सम्बन्ध उन आदेशों से है, जिसकी प्राप्ति के लिये सभी मनुष्य स्वतः प्रयास करते है। कान्ट इसे बौद्धिक आत्म–प्रेम सम्बन्धी आदेश कहते है।

2. वे आदेश जिनके पालन करने में कोई **शर्त** या **लक्ष्य नहीं** रहता। निरपेक्ष आदेश ही उच्चतम नैतिक नियम है। ये ही नैतिक आदेश है :

* **नैतिक आदेश की विशेषताएँ :**

(i) यह **व्यावहारिक बुद्धि का आदेश** है, इसमें भावना का स्थान नहीं है।

(ii) **शर्त** पर निर्भर नहीं है।

(iii) उद्देश्य पूर्ति के लिये **नहीं** किया जाता है। इसका कोई **हेतु, साध्य** या **प्रयोजन नहीं होता**।

(iv) अन्तरात्मा का आदेश है (Conscience), बाह्य आरोपित नहीं है।

(v) व्यावहारिक बुद्धि के आदेश **सार्वभौम** और **अनिवार्य** होते है, क्योंकि बुद्धि सभी मनुष्यों में पायी जाती है।

(vi) बौद्धिक होने के कारण यह अनुभव निरपेक्ष है।

(vii) Hypothetical नहीं है, Categorical है।

(viii) ''स्वाभाविक रूप से **नैतिक नियमों** का पालन नहीं करते''। इसमें बाध्यता का तत्व होता है।

"Moral Law is categorical, since its holds absolutely and without qualification. It is imperative since it is a command that ought to be obeyed,Other imperatives are hypothetical, empirical and posterior. To do one's duty is a categorical imperative, that is rational and apriori..."

''प्रत्येक व्यक्ति राजा और प्रेम दोनों है''। वह राजा है क्योंकि वह स्वयं नैतिक नियम का **स्रष्टा** है तथा उस नियम को अपने **ऊपर** लागू करता है। वह प्रजा भी है, क्योंकि वह **स्वरचित नैतिक नियम** को अपने द्वारा पालन करने के लिये **बाध्य** है।

निरपेक्ष आदेश एक **आदेश** या **आज्ञा** है। इसमें **बाध्यता का तत्व** (Element of Boundness) रहता है। हम स्वाभाविक रूप से इसका पालन नहीं करते। कान्ट का कथन है कि **केवल अंशतः बौद्धिक प्राणी होने के कारण मनुष्य को 'उच्चतम नैतिक नियम' आदेश के रूप में स्वीकार करना पड़ता है।** यदि मनुष्य पवित्र संकल्पयुक्त पूर्णतः बौद्धिक प्राणी होता तो वह सदैव स्वभावतः नैतिकता के सर्वोच्च नियम के अनुरूप ही कार्य करता है और तब उसे इस नियम को आदेश के रूप में ग्रहण करने की आवश्यकता न होती, परन्तु मनुष्य की **भावनाएँ, इच्छाएँ** तथा **प्रवृत्तियाँ उसे सदैव इस नियम के अनुरूप कार्य नहीं करने देती।** इसी कारण उसे उच्चतम नैतिक नियम एक आदेश के रूप में स्वीकार करना पड़ता है, जिसमें बाध्यता होती है। 'आदेश' शब्द से ही स्पष्ट है कि वह मनुष्य को कोई कर्म करने अथवा न करने के लिये बाध्य करता है। **कान्ट के मतानुसार प्रत्येक आदेश में 'चाहिए' का प्रत्यय अवश्य निहित रहता है** अर्थात प्रत्येक आदेश मनुष्य को यह बताता है कि उसे अमुक कर्म करना चाहिये अथवा नहीं करना चाहिये। इससे स्पष्ट है कि आदेश में किसी न किसी प्रकार की **अनिवार्यता** या **बाध्यता आवश्यक** है।

कान्ट के विचार में निरपेक्ष आदेश ही एकमात्र **नैतिक आदेश** है और इसकी **बाध्यता बाह्य** (External) न होकर आन्तरिक (Internal) ही होती है।

→ ईश्वर का संकल्प (God's will) – Holy will (पवित्र संकल्प)।

→ मनुष्य का संकल्प (Men's Will) – Good will (शुभ संकल्प)।

निरपेक्ष आदेश का आधार शुभ संकल्प (Good will) है, अर्थात् इन आदेशों के पीछे जो संकल्प होता है, वह शुभ होता है। 'शुभ संकल्प' विशुद्ध कर्त्तव्य चेतना पर आधारित होता है। **कर्त्तव्य चेतना की भावना से प्रेरित संकल्प ही शुभ संकल्प है।** इसका उद्गम **बुद्धि** से होता है। (Self imposed)। स्पष्ट है कि निरपेक्ष आदेश या अहेतुक आदेश का नीतिशास्त्र शुभ संकल्प की अभिव्यक्ति है।

Categorical Imperative (निरपेक्ष आदेश)	Characteristics (विशेषता)
– It is the nature of Command (यह अज्ञान स्वरूप होता है)	✓
– It is universal (यह सार्वभौम होता है)	✓
– It is the command of reason (यह बुद्धि का आदेश होता है)	✓
– It is the expression of goodwill (शुभ संकल्प की अभिव्यक्ति है)	✓
– It produces happiness (यह सुख उत्पन्न करता है)	×

* .....**जैकोबी** के अनुसार ''कान्ट के दर्शन में मनुष्य नियम के लिये बना दिया गया है, नियम मनुष्य के लिये नहीं''।
* **महत्व (Importance of Good will) :** केवल शुभ संकल्प ही एक मात्र स्वतः साध्य शुभ है या अपने आप में शुभ है। यह अप्रतिबंधित शुभ है (Unqualified Good)। दूसरे शब्दों में शुभत्व देश, काल, परिस्थिति और उससे उत्पन्न परिणाम पर निर्भर नहीं करता।

→ A good will is good in itself and like a jewel shines by its own light.

* शुभ संकल्प नैतिक दृष्टिकोण से उच्चतम शुभ है, परन्तु उच्चतम होते हुये भी वह **पूर्ण–शुभ** नहीं है। Perfect Good या Complete Good नहीं है। Perfect Good या Complete Good में शुभ संकल्प के साथ–साथ **आनन्द** भी सम्मिलित होता है।
  Perfect Good या Complete Good = Virtue + Happiness.
* शुभ संकल्प में सद्‌गुण है, परन्तु आनन्द नहीं है।
* व्यक्ति के शुभ संकल्प या सद्‌गुण के अनुपात में आनन्द का समावेश पूर्ण शुभ की स्थिति में होता है और यह **समावेश ईश्वर करता** है।
* इस संसार में या इसके बाहर .....को छोड़कर अन्य किसी चीज की कल्पना असम्भव है, जिसे बिना किसी शर्त के शुभ समझा जा सके।
* "It is impossible to even out of it which can be taken as good without qualification except good will".
* विश्व में शुभ संकल्प के अतिरिक्त अन्य वस्तुएँ भी शुभ है, परन्तु वे अपने आप में शुभ नहीं है। उनका शुभत्व देश–काल, परिस्थिति, परिणाम आदि पर निर्भर करता है।
* **कर्त्तव्य का स्वरूप : शुभ संकल्प का कर्त्तव्य के साथ अनिवार्य सम्बन्ध है।** मनुष्य में शुभ संकल्प की अभिव्यक्ति स्वतः नहीं हो पाती, बल्कि इसका आधार कर्त्तव्य की **चेतना** होती है। कर्त्तव्य की चेतना में (sense of duty) बाध्यता का तत्व रहता है।
* मनुष्य पूर्णतः बौद्धिक प्राणी नहीं है। वह भावनाओं, इच्छाओं, संवेगों, प्रवृत्तियों आदि से प्रभावित होता है। मनुष्य के इस प्रकार के स्वभाव के कारण शुभ संकल्प की स्वतः शुभ कर्मों में अभिव्यक्ति नहीं होती है। उसे अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। जिन पर विजय पाने के लिये मनुष्य में कर्त्तव्य की चेतना का रहना अनिवार्य है। इस कर्त्तव्य की चेतना में बाध्यता का तत्व रहता है।
* केवल अंशतः बौद्धिक प्राणी होने के कारण मनुष्य कर्त्तव्य की चेतना से बाध्य होकर शुभ–संक्लप के अनुरूप कर्म करना पड़ता है। पूर्णतया बौद्धिक प्राणी के संकल्प को 'पवित्र संकल्प' (Holy will) कान्ट के द्वारा कहा गया है। ऐसा पवित्र संकल्प केवल ईश्वर में होता है।

Good will	Holy will
↓	↓
मनुष्य	ईश्वर
↓	↓
अंशतः बौद्धिक प्राणी	पूर्णतः बौद्धिक प्राणी
↓	↓
बाध्यता का तत्व	बाध्यता नहीं
शुभ कर्मों में स्वतः अभिव्यक्ति नहीं	शुभ कर्मों में स्वतः अभिव्यक्ति

* **नैतिकता का मूल आधार : कर्त्तव्य की चेतना ही नैतिकता का मूल आधार है। मनुष्य के केवल उसी कर्म का नैतिक मूल्य है, जो उसकी कर्त्तव्य चेतना पर आधारित है।**
* कान्ट ने मानवीय कर्म को तीन भागों में बाँटा है :

1. तत्कालीन–इच्छा, संवेग या Self Interest से किया गया कर्म।
2. दुसरे के हित या कल्याण के लिये **सोच समझकर** किया जाने वाला कर्म। (दुसरे के कल्याण से सम्बन्धित)।
3. कर्त्तव्य की चेतना से प्रेरित कर्म : इन्हीं **कर्मों का नैतिक मूल्य** है।

* **कर्त्तव्य के दो प्रकार के भेद है :**

1. **पूर्ण बाध्यता मूलक कर्त्तव्य :** ये वे कर्म हैं, जो राजकीय कानून द्वारा नियंत्रित होते हैं। ये निश्चित, स्पष्ट और भ्रमरहित होते हैं। जैसे : चोरी नहीं करना, हत्या नहीं करना।
2. **अपूर्ण बाध्यता (Imperfect Duty)**
   सम्बन्धित कर्त्तव्य : ये कर्त्तव्य जो राजकीय कानून द्वारा **नियंत्रित न होकर व्यक्ति की इच्छा, देश और काल पर निर्भर** करते हैं। जैसे : **दया, दान** आदि।

* **नैतिकता का प्रयोजन :** नैतिकता का प्रयोजन हमें सुख प्रदान करना नहीं है, बल्कि नैतिकता का लक्ष्य हमें सुख प्राप्त **करने के योग्य बनाना है।**
* **कान्ट : ''दो चीजों के प्रति प्रशंसा तथा भय मिश्रित श्रद्धा का भाव उत्पन्न होता है। पहला ऊपर जगमगाता आकाश दूसरा अन्तस्थ नैतिक नियम''।**
* **अन्तरात्मा में आस्था :** कान्ट के अनुसार, ''भूल करने वाली आत्मा एक **मरीचिका (Chimera)** मात्र है। मानव की अन्तरात्मा उसको भूल करने में सदैव रोकती है। **नैतिक अपराध उस अन्तरात्मा की आवाज को न सुनने के कारण** होते है। कान्ट के इस मत का समर्थक **गाँधी** ने किया है।

* **नैतिकता की पूर्व मान्यताएँ :** नैतिक जीवन के कुछ आधारभूत तत्व हैं, जिनके बिना नैतिक जीवन का सरलतापूर्वक **संचालन करना अत्यन्त कठिन होता,** भ्रममात्र होता अथवा दुर्बोध होता। इन आधारभूत तत्वों को **नैतिक मान्यताएँ** या **नैतिकता की मान्यताएँ** कहा जाता है। कान्ट ने सर्वप्रथम नैतिकता की तीन मान्यताओं की स्पष्ट व्याख्या तथा पुष्टि की। ये तीन मान्यताएँ आत्मा की अमरता, स्वतंत्रता तथा ईश्वर–सत्ता की मान्यता हैं। ये **मान्यताएँ तर्कसिद्ध सिद्धान्त नहीं** है, किन्तु पूर्वकल्पनाएँ (Presumptions) हैं, जो व्यावहारिक दृष्टिकोण से अनिवार्य है। यद्यपि ये हमारे बौद्धिक ज्ञान का विस्तार नहीं करती तथापि व्यवहार के प्रसंग में ये बुद्धिस्थित प्रत्ययों (अमरता, स्वतंत्रता और ईश्वर के प्रत्ययों) को सामान्यतया विषयगत अस्तित्व प्रदान करती हैं। वास्तव में ये ही अमरता, स्वतंत्रता और ईश्वर–सत्ता को प्रत्यय होने का अधिकार देती है, जिनकी सम्भावना भी अन्यथा स्थापित नहीं की जा सकती। इस प्रकार आत्मा की अमरता, संकल्प की स्वतंत्रता और ईश्वर–सत्ता की सिद्धि नैतिकता की पूर्व मान्यताओं के आधार पर होती हैं।

प्रायः यह माना जाता है कि प्रत्येक विज्ञान की कुछ पूर्व मान्यताएँ हैं। किन्तु नैतिकता की पूर्व मान्यताओं और विज्ञान की पूर्व मान्यताओं में कुछ अन्तर है। विज्ञान की पूर्व मान्यता केवल उसके मुख्य विषय की व्याख्या के लिये है और उसका जीवन तथा व्यवहार से कोई सम्बन्ध नहीं है, किन्तु **नैतिकता की पूर्व मान्यताएँ वास्तव में वे सत्य हैं, जिनसे मनुष्य जीते हैं।** यदि वे भ्रम या असत्य हो जाएँ तो वस्तुतः मानव का जीना बन्द हो जाए।

कान्ट के अनुसार नैतिकता की तीन पूर्व मान्यताए (Postulates of Morality) :

- आत्मा की अमरता।
- ईश्वर का अस्तित्व।
- संकल्प स्वातन्त्र्य।

* यहाँ **नैतिकता की पूर्णता के लिये** इन तीन अवधारणाओं को स्वीकार किया गया है।
- ''तुम्हें यह करना चाहिये। अतः तुम यह कर सकते हो'' – (आत्म–निर्धारणवाद)।
- (हमारा यह कर्त्तव्य है, अतः हम यह कह सकते हैं)।

* **कुछ प्रमुख तथ्य :**
- कान्ट उचित को शुभ से अधिक श्रेष्ठ मानता है। उचित का सम्बन्ध कर्त्तव्य से है और वे कर्त्तव्य के लिये कर्त्तव्य की अवधारणा पर जोर देते है।
- नैतिक नियम निरपेक्ष आदेश हैं। यह व्यावहारिक बुद्धि का आदेश है।
- The internal law of conscious or practical reason is the ultimate moral standard.

* **नैतिक नियम :**
  - व्यावहारिक बुद्धि का आदेश है।
  - Autonomous है।
  - Reason based है।
  - ईश्वरीय आदेश नहीं है।
  - बाह्य आरोपित न होकर आत्मारोपित है।
  - Practical reason लागू करता है।
  - आन्तरिक है, बाह्य आरोपित नहीं।
  - परिणाम सापेक्ष नहीं है।

* Good will is reasoned will.
* Reason is the universal element in human nature it imposed moral laws upto itself. Itself legislative.
* बुद्धि सभ मनुष्यों में विद्यमान सार्वभौम तत्व है। यही तत्व निरपेक्ष आदेश को स्वयं के ऊपर लागू करता है। यह स्व–संचालित है।
* कान्ट ने **फन्डामेन्टल प्रिंसिपल ऑफ द मेटाफिजिक्स ऑफ मोरल्स** में मानव जीवन के दैनिक व्यवहार को नियमित करने के लिये पाँच सूत्र दिये हैं :

1. **सार्वभौमिकता का नियम :** प्रत्येक मनुष्य को केवल ऐसे नियम के अनुसार कार्य करना चाहिये, जिसे वह सार्वभौमिक रूप में स्वीकार करने का संकल्प कर सके। जैसे कि : वचन भंग करना, आत्महत्या को **सार्वभौम आदेश** का रूप प्रदान नहीं किया जा सकता। ("Act only on that maxim through which you can at the same time will that it should become a universal law.")
2. **प्राकृतिक नियम का सूत्र :** ऐसा कीजिये कि मानो **आपके कर्म का नियम आपकी इच्छा के माध्यम** से प्रकृति का एक सार्वभौम नियम होने वाला हो। ("Act as if the maxim of your action were to become through your will a universal law of nature.)
3. **मनुष्यता को साध्य मानने का नियम :** इस प्रकार कर्म करो कि मानवता चाहे हमारे अन्दर हो या अन्य के, वह साधन मात्र न रहकर सदैव अपने आप में साध्य बनी रहे। जैसे : आत्मदाह। ("So act to use humality, both in your own person and in the person of every other, always at the same time as an end, never simply as a means.)
4. **स्वाधीनता का नियम :** इस प्रकार कार्य करो कि तुम्हारा संकल्प अपने आप को सार्वभौमिक नियम का विधायक समझ सके। ("So act that your will can regard itself at the same time as making universal law through its maxim.")
5. **साध्यों के राज्य का नियम :** इस प्रकार कार्य करो कि तुम अपने आपको साध्यों के राज्य का नियम विधायक सदस्य समझ सके। ("So act as if you were always through your maxim a law-making member in a universal kingdom of ends.")

भगवद्गीता : स्वधर्म, निष्काम कर्मयोग पुरूषार्थ : धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष

- श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय साहित्य की अमूल्य निधि है। यह **उपनिषदों का सार** है। भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गीता के रचयिता **महर्षि वेदव्यास** है।
- भगवद्गीता को संक्षेप में गीता कहा जाता है। यह भगवान कृष्ण का उपदेश है। यह महाभारत के भीष्म–पर्व के **25वें से 42वें अध्याय तक का भाग** है। यह मूलतः संस्कृत में है और इसमें **18 अध्याय** है। इसमें कुल 700 श्लोक है।
- गीता को **योग शास्त्र** भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ योग एवं आचार को विशेष महत्व दिया गया है। यहाँ प्रत्येक अध्याय के अन्त में कहा गया है : ''ब्रह्म विद्यायां योग शास्त्रे''।
- गीता के अनुसार **योग का अर्थ** है : **जीवात्मा का परमात्मा से मिलना**। यहाँ इसके साधन के रूप में ज्ञान, कर्म और भक्ति को स्वीकार किया गया है।
- गीता में **योग के तीन प्रकार :**

1. ज्ञान योग : शंकर।
2. कर्मयोग : तिलक (गीता रहस्य)।
3. भक्ति योग : रामानुज।

- गीता के प्रमुख **भाष्यकार या व्याख्याकार :**

* प्राचीन काल में : शंकर, रामानुज, मध्वाचार्य।
* आधुनिक काल में : गाँधी, तिलक, श्रीमति एनी बेसेन्ट, विनोबा भावे, श्री अरविन्द।
* राजनयियक : राधाकृष्णनन।
* क्रांतिकारी : बाल गंगाधर तिलक (कर्मयोग की प्रधानता)।

- योगेश्वर कृष्ण के अनुसार, कर्मों में कुशलता ही योग है : **''योगः कर्मेषु कौशलं''**।
- गीता में अनासक्त एवं सिद्ध पुरूष को **'योगी', 'स्थितप्रज्ञ' या 'त्रिगुणातीत'** कहा गया है।
- **स्थितप्रज्ञ का अर्थ है :** दैवी प्रज्ञा में स्थित : (स्थितप्रज्ञ) अर्थात् जिसको प्रत्येक समय प्रत्येक क्रिया, प्रत्येक जीव में ईश्वर दिखाई दे, अर्थात् सभी अवस्थाओं में ईश्वर से तादात्म्य रखे। (Identical Relation) यहाँ स्थित का अर्थ **स्थिर** और प्रज्ञा **बुद्धि** का नाम है, अर्थात् **जिसकी बुद्धि अपने कर्त्तव्य पर स्थिर या दृढ़ हो गयी हो, वही स्थितप्रज्ञ है।**
- **लोक–संग्रह क्या है :** गीता के अनुसार लोक संग्रह का आशय है, सम्पूर्ण लोक अर्थात् **सम्पूर्ण समाज के लिये कार्य करना।** यही भगवद्गीता का सर्वोच्च **सामाजिक आदर्श** है। यही मुक्ति का द्वार है।
- नीति के आध्यात्मिक आधार पर मानव के कर्त्तव्य का क्रमानुसार निर्णय :

(1) स्वभाव → स्वधर्म → स्वकर्म।

- स्वधर्म एवं स्वभाव में सहज सम्बन्ध है, जो आध्यात्मिक दृष्टि से **स्वधर्म** है, वहीं व्यावहारिक दृष्टि या सामाजिक दृष्टि से **'स्वकर्म'** हो जाता है।
- बुद्धियोग का अर्थ है : राग–द्वेष से रहित शुद्ध अनासक्त कर्त्तव्य बुद्धि।
- **स्वधर्म :** गीता में **निष्काम भाव** से कर्म करने का उपदेश दिया गया है। इसके लिये **स्वधर्म** का पालन आवश्यक है। **'स्वधर्म'** का अर्थ है : अपना–अपना धर्म या अपना निर्धारित कर्त्तव्य। गुण और कर्म के आधार पर जो प्रकार के वर्णों की रचना हुई है, उन वर्णों के लिये निर्धारित कर्म करना ही स्वधर्म है। इसे ही सहज धर्म, स्वकर्म, नियत कर्म, स्वभाव कर्म, स्वभाव नियत कर्म आदि कहा गया है। स्पष्ट है कि यहाँ **'धर्म'** शब्द कर्म या **कर्त्तव्य** के रूप में प्रयुक्त हुआ है। गीता के अनुसार : स्वधर्म का अर्थ 'वर्ण–धर्म' और 'आश्रम धर्म' है। स्पष्ट है कि **मनुष्य द्वारा अपने वर्ण के अनुरूप निर्धारित कर्मों का निष्काम भाव से पालन करना ही स्वधर्म है।** गीता स्वधर्म के सम्पादन का आध्यात्मिक मूल्य भी स्पष्ट करती है। इसके अनुसार स्वधर्म का पालन करने से **मनुष्य सिद्धि को प्राप्त करता** है। मोक्ष का अधिकारी बनता है। वस्तुतः गीता द्वारा स्वधर्म के प्रतिपादन का लक्ष्य यह था कि समाजव्यवस्था एवं सृष्टि की गति अबाध रूप से चलती रहे, लोककल्याण होता रहे तथा समाज में अधिकारों के लिये कोई संघर्ष न हो। आधुनिक युग में जबकि लोग अपने कर्त्तव्यों को भूलकर अधिकारों के लिये लड़ रहे हैं, गीता द्वारा अपने कर्त्तव्यों के पालन का आदेश और भी अधिक **समीचीन** हो गया है।
